हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

16 फतेहाबाद में 4.84 लाख एमटी धान की आवक, 61 प्रतिशत...



16 धरने पर बैठे रतिया अनाज मंडी के पल्लेदार




## दीवाली पर बाजार गुलजार व्यापारियों के चेहरे खिले

**आज 3:44 बजे से अमावस होगी शुरू**



फतेहाबाद। दीपावली पर बाजारों में खरीददारी करते लोग और पंडित सोनू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दीपावली की पूर्व संध्या पर रविवार को पूरा दिन खरीददारी के लिए शहरभर के बाजारों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जवाहर चौक में बैरिकेट लगाने के बावजूद भी पूरा दिन जाम लगा रहा। पार्किंग के पास पुलिस प्रशासन ने किसी भी चार पहिया वाहन को बाजार में नहीं जाने दिया। छोटी दीपावली पर बाजार में ज्वैलर्स, कपड़ा, रेडीमेड, स्वीट्स व इलैक्ट्रोनिक्स की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की यानि कि छोटी दीवाली पर दुकानदारों ने जमकर चांदी कूटी। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के मुताबिक इस वर्ष कार्तिक माह की अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू हो रही है और यह तिथि 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। माता लक्ष्मी अमावस्या तिथि में प्रदोष काल और निशिथ काल में भ्रमण करती हैं, इसके कारण माता की पूजा प्रदोष काल और निशीथ काल में करने का विधान होता है। वृषभ काल शाम 7 बजकर 8 मिनट से रात 9 बजकर 3 मिनट तक रहेगा।

### लक्ष्मी पूजा के मुहूर्त

- कार्तिक अमावस्या तिथि आरंभ : आज सोमवार 20 अक्टूबर को को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट से शुरू
- कार्तिक अमावस्या तिथि समाप्त : मंगलवार 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 54 मिनट तक

### दुकानों पर भीड़

धरतेरस के दिन शुरू हुआ फेस्टीवल सीजन का दूसरा दिन बाजार में ढेर सारी खुशियों भरा रहा। बाजारों में भीड़ इतनी रही कि प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचा। हाइवे पर हीरो का शोरूम हो या हुंडई का, यहां लोग परिवार सहित बाइक व गाड़ियां खरीदते देखे गए। फतेहाबाद में एसबीआई रोड पर इलैक्ट्रोनिक्स व ज्वैलर्स के शोरूम पर भी भारी खरीददारी हुई। थाना रोड पर रेडिमेड से लेकर स्वीट्स, ज्वैलर्स व इलैक्ट्रोनिक के उत्पादों की भारी बिक्री हुई।

## फर्जी कंपनी बनाकर लाखों की ठगी करने वाला पंजाब से गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने फर्जी कंपनी बनाकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को पंजाब के डेरा बस्सी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरविंदा कुमार सिन्हा निवासी राजौली बिहार हाल निवासी डेरा बस्सी पंजाब के रूप में हुई है। शहर थाना प्रबंधक उप निरीक्षक संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि सिरसा के विरेन्द्र कुमार गगनेजा ने पुलिस थाने में शिकायत दी थी कि कुछ आरोपयों ने कंपनी की डीलरशिप दिलाने के नाम पर उसे झांसा देकर करीब 13 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। आरोपी लोगों से नकद व ऑनलाइन भुगतान लेकर फर्जी बिल, फर्म व कागजात तैयार करते थे और सामान सप्लाई करने के नाम पर राशि हड़प लेते थे। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी अरविंदा कुमार सिन्हा काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सिरसा, बठिंडा और अन्य स्थानों पर कई लोगों को फर्जी कंपनी के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार बनाया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।







## फतेहाबाद में अब बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को नहीं मिलेगा ईंधन : एसपी

- सभी पंप संचालकों के लिए एसपी ने महत्वपूर्ण एडवाइजरी की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि बिना नंबर प्लेट या फर्जी नंबर प्लेट वाले किसी भी वाहन को पेट्रोल-डीजल या अन्य ईंधन ना दिया जाए। एसपी ने बताया कि हाल ही के कई आपराधिक मामलों में ऐसे वाहनों का उपयोग किया गया है जिनकी पहचान करना मुश्किल हो गया, क्योंकि उन पर या तो नंबर प्लेट नहीं थी या फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। ऐसे में यदि पेट्रोल पंप संचालक सजग रहें, तो कई आपराधिक वारदातों को होने से पहले ही रोका जा सकता है।

### *सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क*

*एसपी ने कहा कि दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और विश्वकर्मा जयंती जैसे प्रमुख त्योहारों के अवसर पर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क और सक्रिय है। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को ईंधन देना अपराध में परोक्ष सहयोग माना जाएगा। ऐसभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं, जो 24 घंटे कार्यशील रहें और कम से कम 60 दिनों की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रख सकें।*



सिद्धांत जैन



सिरसा। स्कूल में दीपावली पर्व मनाते हुए।

## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली उत्सव

सिरसा। मोरीवाला स्थित श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में उल्लास और उमंग के साथ दीपावली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे दीयों, रंगोलियों और पुष्पों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। पूरे वातावरण में उत्सव की रौनक और हर्ष साफ झलक रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या जीना धुरिया द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य और गीत के माध्यम से दीपावली का संदेश प्रस्तुत किया। उत्सव के अवसर पर विद्यालय के चारों हाउस के बीच रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि अच्छाई और ज्ञान का प्रकाश हमेशा अंधकार और अज्ञान पर विजय प्राप्त करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की डीन रीटा सहगल ने उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति आदर की भावना को सशक्त बनाते हैं।



